पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल विकासखंड असमोली के कल्कि धाम ऐंचौडा कम्बोह के स्थापना दिवस कार्यक्रम में सम्मिलित हुईं

भारतीय सनातन संस्कृति भारतीय समाज का मार्गदर्शन करने के साथ-साथ पूरे विश्व को सद्भाव प्रेम का मार्ग दिखाती है

राज्यपाल, श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊः 19 फरवरी, 2025

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल आज विकासखंड असमोली के कल्कि धाम ऐंचौडा कम्बोह के स्थापना दिवस कार्यक्रम में सम्मिलित हुईं। राज्यपाल जी ने 4 साल बाद श्री कल्कि धाम का जो स्वरूप होगा उसका रिमोट का बटन दबाकर लोकार्पण किया। उन्होंने श्री कल्कि धाम के लिए 5 लाख 11 हजार 111 रुपए का दान भी किया।

राज्यपाल जी ने कल्कि धाम स्थापना दिवस के अवसर पर समस्त धार्मिक जगत को श्रद्धा और पवित्र भाव से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि वह पिछले वर्ष भूमि पूजन कार्यक्रम में सम्मिलित होना चाहती थीं परंतु किसी कारणवश सम्मिलित नहीं हो पाईं।
आज स्थापना दिवस एवं भूमि उत्खनन कार्यक्रम में शामिल होने पर उन्होंने हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आचार्य प्रमोद कृष्णम द्वारा श्री कल्कि धाम के निर्माण के लिए लंबा संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने कहा कि यह परिश्रम का फल है दिल से जो संघर्ष करता है उसको एक दिन सफलता जरूर मिलती है।

उन्होंने कहा कि विगत वर्ष माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा 19 फरवरी 2024 को श्री कल्कि धाम की आधारशिला रखी गई थी इसलिए 19 फरवरी को श्री कल्कि धाम स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। यह अपने आप में बड़े ही हर्षोल्लास का विषय है। भारत की सांस्कृतिक विरासत की समृद्धि तथा इस अद्भुत कालखंड में यह कार्य न केवल भव्य धार्मिक स्थल का शुभारंभ है बल्कि हमारे देश और समाज की आध्यात्मिक उन्नति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है।

उन्होंने कहा कि भारतीय सनातन संस्कृति भारतीय समाज का मार्गदर्शन करने के साथ-साथ पूरे विश्व को सद्भाव प्रेम का मार्ग दिखाती है जो न केवल आध्यात्मिक उन्नति के लिए बल्कि समाज में सौहार्द और प्रेम को स्थापित करने के लिए बहुत ही जरूरी है। श्री कल्कि धाम के सेवा प्रकल्प का मुख्य उद्देश्य सनातन के शाश्वत मूल्य की पुनर्स्थापना के साथ-साथ मानव उत्थान हेतु वैदिक एवं आधुनिक

शिक्षा का समन्वय करते हुए एक विशाल आध्यात्मिक विश्वविद्यालय स्थापित करने का भी प्रयास होगा। राज्यपाल जी ने श्री कल्कि धाम निर्माण में जुटे सभी श्रमिकों, इंजीनियर आर्किटेक्ट और उन सभी लोगों को जो महान संकल्प को पूरा करने के लिए संकल्पित हैं इस ऐतिहासिक दिवस पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने गुजरात में सामाजिक कार्यों के लिए दान के योगदान की चर्चा भी की।

इस अवसर पर गर्भगृह में विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए मुख्य अतिथि एवं बिहार के उप मुख्यमंत्री तथा गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री तथा सुधांशु जी महाराज, बालीवुड से बोनी कपूर, मनोज मुंतसिर, जेकी भगनानी सहित अन्य अतिथियों ने शिला पूजन किया तथा मुख्य अतिथि राज्यपाल जी के कर कमलों द्वारा भूमि की खुदाई (भूउत्खनन) का कार्य का शुभारंभ हुआ। राज्यपाल जी को कल्कि धाम मंदिर के प्रस्तावित स्वरूप तथा 4 वेद भेंट किए गए।

मुस्तफा हुसैन द्वारा बांसुरी वादन किया गया तथा बांसुरी के माध्यम से राष्ट्रगान भी गाया गया। कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कल्कि धाम के स्वरूप के विषय में विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि श्री कल्कि धाम का निर्माण कार्य 4 वर्ष में पूर्ण हो जाएगा।

उन्होंने एक भव्य अस्पताल तथा एक बडा विश्वविद्यालय बनाने की योजना के विषय में भी बताया। उन्होंने बताया कि भविष्य में कल्कि धाम भौतिक जगत एवं आत्मा पर शोध कार्य भी करेगा। उन्होंने श्री कल्कि धाम के अन्तर्गत 3 मंडप एवं गर्भ गृह के अन्तर्गत 10 अवतार के गर्भगृह बनने तथा सनातन के सात स्तम्भ एवं गुरु गोविंद सिंह, भगवान बुद्ध, महावीर स्वामी तथा मीरा के मंदिर के निर्माण के विषय में भी जानकारी दी।

इस अवसर पर मुरादाबाद मंडल मुरादाबाद मंडल आयुक्त आन्जनेय कुमार सिंह, डीआईजी मुरादाबाद मुनिराज जी, जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया, पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई सहित समस्त संबंधित अधिकारी एवं संत सहित आम जनमानस उपस्थित रहे।

संपर्क सूत्रः
डॉ0 संगीता चौधरी,
सूचना अधिकारी, राजभवन
मो0: 9161668080